Navbharat, August 18,

विजेता टीम करेगी नेशनल फाइनल में प्रतिनिधित्व

संवाददाता

पुणे. जानी मानी आईटी सेवा, कन्सल्टिंग और बिजनेस सॉल्यूशन प्रदाता कंपनी टाटा कन्सल्टैन्सी सर्विसेज (टीसीएस) ने टीसीएस आईटी क्विज 2011 के पुणे एडिशन की घोषणा कर दी है. भारत की इस सबसे बड़ी इंटर स्कूल आईटी क्विज का आयोजन यशवंतराव चव्हाण नाट्यगृह, कोठरूड, पुणे में किया जाएगा. टीसीएस आईटी विज पुणे एडिशन में 8वीं - 12वीं कक्षा (पीयू छात्रों सहित) तक के छात्र हिस्सा ले सकते थे. कोई प्रवेश शुल्क नहीं. प्रत्येक संस्थान कितनी भी संख्या में टीमें भेज सकता है, प्रत्येक टीम में दो सदस्य हो सकते हैं.

12 शहरों में मुकाबले

टीसीएस आईटी विज 2011 के रीजनल राउंड के मुकाबले 12 शहरों - हैदराबाद, अहमदाबाद, बैंगलोर, चेन्नई, कोयम्बतूर, पुणे, कोलकाता, भुवनेश्वर, कोच्चि, लखनऊ, दिल्ली और मुंबई में आयोजित किए जाएंगे. रीजनल राउंड के बाद दिसंबर में नेशनल फाइनल का आयोजन किया जाएगा जिसमें 12 रीजनल राउंड में विजेता चुनी गई टीमें भाग लेंगी और टीसीएस आईटी विज नेशनल चैम्पियन के खिताब के लिए आपस में भिड़ेंगी.

यहां करें संपर्क

इच्छुक टीमें अपने संस्थाओं की ओर से 20 अगस्त तक प्रविष्टियां भिजवा सकती है, प्रविष्टियां टीसीएस आईटी विज समन्वयक, टाटा कन्सन्टेन्सी सर्विसेज, हडपसर इंडस्ट्रियल एस्टेट, पुणे 411013 को भेजी जानी है. इस बारे में और जानकारी के लिए 020-66086227/91 9225508304 पर संपर्क करें.